43वीं वार्षिक रिपोर्ट
2018-2019

राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान, नई दिल्ली

43वीं वार्षिक रिपोर्ट

2018-19

राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान
नई दिल्ली

वार्षिक रिपोर्ट

1 अप्रैल, 2018 – 31 मार्च, 2019

मुद्रण एवं प्रकाशन :

सचिव

राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान

(वित्त मंत्रालय,भारत सरकार के अध्याधीन एक स्वायत्त
अनुसंधान संस्थान)

18/2, सत्संग विहार मार्ग,
स्पेशल इंस्टीट्यूशनल एरिया (निकट जेएनयू)
नई दिल्ली 110067
दूरभाष: 011 26569303, 26569780, 26569784

फैक्स : 91-11-26852548

ईमेल : nipfp@nipfp.org.in

वेबसाइट: www.nipfp.org.in

सम्पादन एवं डिजाइन : रोहित दत्ता

मुद्रक : हिमांशी इंटरप्राइजेज

ईमेल: prem.adhikari@rediffmail.com

दूरभाष: 011-41034642

विषय सूची

1. **प्रस्तावना**	**1**
2. **अनुसंधान क्रियाकलाप**	**6**
3. **कार्यशालाएं, सेमिनार, बैठकें एवं सम्मेलन**	**17**
4. **प्रशिक्षण कार्यक्रम**	**18**
5. **प्रकाशन एवं संचार**	**19**
6. **पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र**	**20**
7. **संकाय क्रियाकलापों के मुख्य अंश**	**25**
अनुलग्नक	46
I. **अध्ययनों की सूची**	**47**
II. **कार्यशील पेपर श्रृंखला**	**52**
III. **आंतरिक सेमिनार श्रृंखला**	**55**
IV. **शासी निकाय सदस्य**	**56**
V. **मूल्य अंकित प्रकाशनों की सूची**	**61**
VI. **संकाय सदस्यों की प्रकाशित सामग्री**	**66**
VII. **स्टाफ सदस्यों की सूची**	**76**
VIII. **प्रायोजक, कारपोरेट, स्थाई एवं साधारण सदस्य**	**81**
IX. **वित्त एवं लेखा**	**82**

1. प्रस्तावना

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पालिसी, नई दिल्ली की वार्षिक रिपोर्ट वित्तीय वर्ष के दौरान संस्थान द्वारा किए गए कार्यों तथा शासी निकाय एवं जनता के प्रति अपनी उत्तरदेयता की प्रस्तुति है। यहां आगे के पृष्ठों में वर्ष *2017-18* के दौरान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पालिसी द्वारा किए गए क्रियाकलापों का विवरण प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान तथा पूर्व वार्षिक रिपोर्टों की डिजीटल प्रति संस्थान की वेबसाइट http://www.nipfp.org.in/publications/annual-reports/.पर प्राप्त की जा सकती है।

संस्थान का परिचय

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पालिसी एक लोक अर्थशास्त्र एवं नीति अनुसंधान केन्द्र है। वर्ष 1976 में स्थापित यह संस्थान लोक अर्थशास्त्र से सम्बद्ध अनुसंधान, नीति प्रतिपालन एवं क्षमता निर्माण के कार्य कर रहा है। इस संस्थान को सौंपे गए कार्यों में एक प्रमुख कार्य विश्लेषणात्मक आधार उपलब्ध करवाकर लोक नीतियों के निर्माण एवं उनमें सुधार के कार्य में केन्द्र, राज्य एवं स्थानीय प्रशासन को सहायता प्रदान करना है। इस संस्थान की स्थापना वित्त मंत्रालय, योजना आयोग, अनेक राज्य सरकारों तथा विख्यात अकादमियों के संयुक्त प्रयासों से एक स्वायत्त सोसायटी के रूप में की गई थी। यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है।

अपनी स्थापना के 43वें वर्ष में यह संस्थान भारत के प्रमुख थिंक टैंक के रूप में उभरा है तथा इसके द्वारा सरकार में सभी स्तरों पर नीति सुधार कार्यों में महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों के क्रियात्मक कार्यों से इसकी निकट सम्बद्धता स्थापित है तथा भारत एवं विदेश में स्थित अन्य अध्यापन एवं अनुसंधान संस्थानों से भी इसका जुड़ाव बना हुआ है। वित्त मंत्रालय, भारत सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों से वार्षिक अनुदान प्राप्त होने के बावजूद भी अनुसंधान एवं नीति लक्ष्य के कार्यों में एक गैर-सरकारी संस्थान की इसकी छवि बनी हुई है।

शासी निकाय

संस्थान के शासी निकाय द्वारा दिनांक 19 मार्च,2016 को आयोजित अपनी बैठक में आगामी चार वर्षों अर्थात 5 अप्रैल, 2016 से 4 अप्रैल, 2020 तक की अवधि के शासी निकाय का पुनर्गठन किया गया था। डा. विजय केलकर शासी निकाय के अध्यक्ष हैं। श्री सुमित बोस इसके उपाध्यक्ष हैं।

वित्त मंत्रालय का प्रतिनिधित्व श्री अजय भूषण पांडे, राजस्व सचिव; श्री अतानु चक्रबर्ती, सचिव (आर्थिक कार्य); तथा श्री कृष्णामूर्ति सुब्रमणियम, मुख्य आर्थिक सलाहकार द्वारा किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक का प्रतिनिधित्व डा. राजीव रंजन, सलाहकार एवं कार्यालय प्रभारी, आर्थिक एवं नीति अनुसंधान विभाग द्वारा किया गया है। नीति आयोग का प्रतिनिधित्व सुश्री अन्ना राय, सदस्य द्वारा किया गया है।

प्रायोजक राज्य सरकारों का प्रतिनिधित्व : श्री मुद्ददा रविचन्द्रन, प्रधान वित्त सचिव, आंध्र प्रदेश सरकार ; श्री आई.एस.एन. प्रसाद, अपर मुख्य सचिव, कर्नाटक सरकार; तथा श्री पी.ए. सिद्दिकी, सचिव, वित्त विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा किया गया है।

श्री राकेश झा आईसीआईसीआई बैंक द्वारा नामित किए गए हैं, श्री बालकृष्ण गोयनका, अध्यक्ष, एसोसिएटिड चेम्बर ऑफ कार्मस एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया से; तथा श्रीर संदीप सोमानी, अध्यक्ष, फिक्की संस्थान से नामित किए गए हैं।
शासी निकाय में तीन विख्यात अर्थशास्त्री डा. शैबल गुप्ता, एशियन डेवलमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट (एडीआरआई); डा. ईरोल डिसुजा, प्रोफेसर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद तथा डा. सुदिप्तो मंडल शामिल हैं।
सहयोगी संस्थानों से डा. शेखर शाह, महानिदेशक, एनसीएईआर; श्री एस.के. पट्टनायक, महानिदेशक, एडमिनिस्ट्रेटिव स्टेट

कॉलेज ऑफ इंडिया; तथा सुश्री यामिनी अय्यर, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी, सेंटर फार पालिसी रिसर्च का प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है। सी.ए. तरूण जे. घिया, परिषद सदस्य, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान को शासी निकाय में सहयोजित सदस्यता प्रदान की गई है।

डा. रथिन रॉय, निदेशक पदेन सदस्य सचिव हैं; तथा डा. आर.कविता राव, प्रोफेसर, प्रतिनिधि, एनआईपीएफपी रोटेशन में प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

शासी निकाय के विशेष अतिथि श्री प्रमोद चन्द्र मोदी, अध्यक्ष, सीबीडीटी, वित्त मंत्रालय तथा प्रणब कुमार दास, अध्यक्ष, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार हैं। (विवरण अनुलग्नक IV में दिया गया है)

निष्पादित एवं जारी परियोजनाएं

रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान हमारे अनुसंधान लक्ष्य: कराधान एवं राजस्व, लोक व्यय एवं वित्त प्रबंधन, स्थूल अर्थव्यवस्था स्वरूप सरकारों के मध्य वित्तीय संबंध तथा राज्य योजना एवं विकास के तीन प्रमुख क्षेत्रों में कार्य कर रहे दलों द्वारा प्राप्त कर लिए गए हैं।

वर्ष के दौरान संस्थान उप-राष्ट्रीय स्तरीय मांग आधारित अनुसंधान एवं क्षमता निर्माण के प्रयासों में राज्यों को सहयोग प्रदान करने की अपनी व्यवस्तताओं को और अधिक विस्तारित किया गया है। हमने लोक हित मामलों पर विकासशील राष्ट्रों के साथ अपनी साझेदारी के आयाम को भी और विस्तारित किया है। कमीशन आन रेवन्यु एलोकेशन (सीआरए), केन्या तथा फाइनेंशियल एंड फिस्कल कमीशन, (एफएफसी), दक्षिण अफ्रीका के साथ लोक वित्त प्रबंधन, हस्तांतरण एवं सरकारों के मध्य अंतरण इत्यादि के संबंध में करार निर्धारित किए गए हैं। लोक हित एवं मानव विकास से संबंधित हमारे कार्यों से स्वास्थ्य वित्त के क्षेत्र में परिणाम प्राप्त हुए हैं। सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के प्रति वित्तीय बाध्यताओं एवं प्रभाव्यता का परीक्षण किया जा रहा है। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, बिहार तथा गुजरात जैसे कुछेक राज्यों से प्राप्त डेटा का विश्लेषण अनुसंधान दल द्वारा किया गया है। स्वास्थ्य पर होने वाले व्यय की रूपरेखा के निर्धारण के लिए उप राष्ट्रीय स्तर पर अपनी राजस्व संभाव्यताओं का विश्लेषण किया जा रहा है। हमारे द्वारा चिकित्सा शिक्षा एवं व्यावसायिक आचरण एवं स्वास्थ्य आपातत तथा आपदा जोखिम प्रबंधन के विनियामक फ्रेमवर्क के लिए अध्ययन पूरे कर लिए गए हैं। हमने भारत की तथा यू.के. के संबंध में भी सरकार से निधियन प्राप्त स्वास्थ्य बीमा की विधिक, गुणवत्ता, एवं मॉनीटरिंग के दृष्टिकोण से किया गया तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत कर दिया है।

हमने अपने कार्यों के माध्यम से लिंग बजटिंग एवं लिंग समानता के प्रति अपने योगदान को जारी रखा है। इसके अलावा,एनआईपीएफपीद्वारा अनेक ऐसे महत्वपूर्ण आर्थिक प्रश्नों के संबंध में अनेक अध्ययन किए है जिनका समाधान खाद्य मूल्यअस्थिरता, भारत में डेटा का स्थानीकरण, डिजीटलाइजेशन के परिणाामस्वरूप उत्पन्न कर चुनौतियां, प्रवासन से संबंधित वित्तीय दबाव जैसे कड़े नीतिगत अनुसंधान से हो सकता था। हमारे प्रकाशित अध्ययन भारत में सूक्ष्म स्तरीय मूल्य निर्धारण व्यवहार, खाद्य स्फीति, ऋणों एवं न्यूनताओं के प्रति लक्ष्यबद्ध संरचित सूक्ष्म इकोमैट्रिक एप्रोच, एमटीईएफ को अंगीकार करना तथा भारतीय में बहु-परतीय बजट योजना के अनुभव जैसे विविध प्रकार के अनुसंधानों में विस्तारित किया गया है।

हमारे द्वारा राज्य वित्तीयन का कड़ा मॉनीटर करना जारी रखा गया है तथा अब हम राज्य वित्तीयन डेटा बैंक, जो एक महत्वपूर्ण संसाधन होगा, को डिजीटल बनाने की प्रक्रिया कर रहे हैं। राज्य वित्तीयन के संबंध में प्रस्तुत मुद्दों पर आयोजित हमारे वार्षिक सेमानारों में राज्य सरकारों, भारतीय रिजर्व बैंक, नीति आयोग, नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय एवं निजी क्षेत्र के अर्थशात्रियों सहित समग्र नीतिगत तंत्रव्यवस्था द्वारा अपनी रूचि दर्शाई गई है। रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान राज्य वित्तीयन से संबंधित विविध प्रकार के विषयों पर अपने अध्ययन अनुसंधान प्रकाशित किए हैं। अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों में से हमने अपना काफी कुछ समय पंद्रहवे वित्त आयोग के अनुरोध पर उनके लिए अनुसंधान अध्ययन करने के उद्देश्य से भी समर्पित किया है। हमें यह उल्लेख करते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे द्वारा विश्व बैंक के सहयोग से आर्थिक संघवाद के सेमिनार तथा द इंस्टीट्यूट

ऑफ न्यू इकॉनिमिक थिंकिंग (आईएनईटी) के सहयोग से तीसरे विधि आर्थिक नीति सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया है।

हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सम्पूर्ण भारत तथा अन्य सेवाओं के कनिष्ठ एवं मध्यम स्तरीय अधिकारियों सूक्ष्म अर्थशास्त्र तथा लोक वित्तीयन के सामयिक विषयों की प्रारंभिक जानकारी दिए जाने पर ध्यान दिया जाना जारी रखा गया है। वर्ष के दौरान हमारे द्वारा विश्वविद्यालय एवं कालेज अध्यापकों के लिए आयोजित किए जाने वाले लोक अर्थशास्त्र के पुनश्चर्या कार्यक्रम की समीक्षा की गई है।

संस्थान द्वारा रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान नीतिगत ध्यान आकर्षण की आवश्यकता वाले प्रमुख क्षेत्रों में अपना योगदान दिया जाना जारी रखा गया है: वर्ष के दौरान निम्नलिखित परियोजनाएं सम्पन्न की गई हैं – क्या मौद्रिक नीति से भारत में वित्तीय स्थिरता उत्पन्न हो सकती है; दक्षिण एशिया में वित्तीय वैश्वीकरण एवं आर्थिक विकास: एक प्रयोगसिद्ध अध्ययन; भारतीय कारपोरेट सेक्टर में क्रेडिट दबाव का मूल्यांकन;डिजिटल आब्जेक्ट आर्किटैकचर के संबंध में नीतिगत इनपुट ; भारत में आर्थिक विकास के पूर्वानुमान : समय परिवर्तित मापदंडों पर रिग्रेशन एप्रोच; प्रधान मंत्री आवास योजना ' ग्रामीण के शासी मापदंडों का मूल्यांकन' राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) की पुन:संरचना एवं सुदृढ़ीकरण के लिए अनुसंधान एवं परामर्शी सेवाएं;ट्राई-एनआईपीएफपीअनुसंधान का कार्यान्वयन; डेटा संरक्षण नीतियों के प्रति सहमत रूपरेखा का डिजाइन; सरकारी स्कूल व्यवस्था में सुधार: नव विश्वास का आधार।

अप्रैल, 2018 में एनआईपीएफपीतथा आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य एक नए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिसके अंतर्गत एनआईपीएफपीद्वारा एनआईपीएफपी-आर्थिक कार्य विभाग अनुसंधान कार्यक्रम (1अप्रैल, 2018 – 31मार्च 2020)को जारी रखा जाना है। यह अनुसंधान कार्यक्रम उन अनेक नई चुनौतियों के प्रति अनुसंधान इनपुट प्रदान करने के लिए है जिनका सामना आर्थिक कार्य विभाग एवं वित्त मंत्रालय को समय समय पर अपने क्रियाकलापों के निर्वाह के दौरान करना पड़ रहा है।

इस रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान संस्थान द्वारा राज्य वित्तीयन पर दिए गए विशेष ध्यान के परिणामस्वरूप ही परियोजनाओं का वृहद स्वरूप प्रसारित हुआ है जिनमें से कुछ परियोजनाएं हैं:- वर्ष 2022 तक के लिए राज्य राजस्व के अनुमान; राज्य वित्त आयोग की रिपोर्टों की समीक्षा; जनजातिय अनुसंधान एवं विकास संस्थान (टीआरडीआई), भोपाल का संस्थानिक मूल्यांकन एवं अंतर विश्लेषण; मध्य प्रदेश एफआरबीएम अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन की द्विवार्षिक समीक्षा; वर्ष 2015-16 के संबंध में राज्य एफआरबीएम अधिनियम का सिक्किम सरकार द्वारा किए गए अनुपालन की समीक्षा; सिक्किम की मध्यावधि आर्थिक योजना: 2018-19 से 2020-21; आर्थिक नीति; अंत:शासकीय स्थानांतरण एवं लिंग समानता: भारतीय राज्यों का अध्ययन (दिसम्बर, 2017-दिसम्बर, 2019)। हिमाचल प्रदेश,उड़ीसा राज्यों के साथ लोक वित्त, क्षमता निर्माण एवं अनुसंधान सहायता के संबंध में आवश्यकता आधारित सहयोग प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। (सभी परियोजना का विवरण ज्ञात करने के लिए अनुसंधान क्रियाकलाप देखें)

क्षमता निर्माण कार्यक्रम

एनआईपीएफपी द्वारा वर्ष के दौरान अपने दायित्वों से संबंधित विषयों के निर्वाह के लिए अनेक कार्यशालाओं, बैठकों तथा सम्मेलनों का आयोजन किया गया है। ''आर्थिक संघवाद से क्या प्रभाव होते हैं?'' के विषय पर विश्व बैंक के सहयोग से दिनांक 1 अगस्त, 2018 को एनआईपीएफपी ऑडिटोरियम में एक गोलमेज चर्चा का आयोजन किया गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक के साथ राज्य वित्तीयन के मुद्दों – राज्य बजट 2018-19 के विश्लेषण पर इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में दिनांक 10 अगस्त, 2018 को एक अर्ध दिव्सीय सेमिनार का आयोजन किया गया था।

द इंस्टीट्यूट ऑफ न्यू इकॉनिमिक थिंकिंग (आईएनईटी) के साथ मिलकर 26-28 नवम्बर, 2018 को इंडिया हेबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में तीसरे विधि आर्थिक नीति सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

सेव द चिल्डर्न एवं राष्ट्रीय शिक्षा परिषद (एनएससी) के सहयोग से दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 को एनआईपीएफपी के ऑडिटोरियम में ''भारत में बाल बजट: बाल अधिकारों की उपयोज्यता में उत्तम निवेश'' विषय पर अर्ध दिव्सीय राष्ट्रीय गोष्ठि आयोजित की गई थी।

बांग्लादेश के युवा एवं मध्यम स्तरीय अधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल के लिए ''भारत सरकार की लोक वित्त नीति एवं संगठनात्मक क्रियाकलापों की समीक्षा'' के विषय पर संस्थान द्वारा दिनांक 29 जनवरी, 2019 को एक अर्ध दिव्सीय पारस्परिक चर्चा का सत्र आयोजित किया गया था।

गोवा इंटरनेशनल सेंटर, गोवा के सहयोजन से 31 जनवरी – 2 फरवरी, 2019 के दौरान ''द डिफिकल्ट डायलॉग'' विषय पर एक संगोष्ठि आयोजित की गई थी।

संस्थान द्वारा वर्ष के दौरान अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे: आईसीएएस के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए 9-20 अप्रैल 2018 के दौरान नए मुद्दे तथा लोक वित्त एवं नीति की चुनौतियां; भारतीय आर्थिक सेवा के 2017 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए जून 18 – 22, 2018 के दौरान लोक वित्त; आईए एवं एएस अधिकारियों के लिए दिसम्बर 10 – 14, 2018 के दौरान एनआईपीएफपीका उन्नत प्रबंधन विकास कार्यक्रम ;आईसीएएस के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए 10-21 दिसम्बर 2018 के दौरान नए मुद्दे तथा लोक वित्त एवं नीति की चुनौतियां; दक्षिण एशिया क्षेत्र के विश्वविद्यालय एवं कालेज अध्यापकों के लिए दिसम्बर 17-28, 2018 के दौरान दो सप्ताह के 12वें लोक अर्थशास्त्र पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन आईसीएएस के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए 9-20 अप्रैल 2018 के दौरान नए मुद्दे तथा लोक वित्त एवं नीति की चुनौतियां; भारतीय आर्थिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए दिसम्बर 24-28, 2018 के दौरान लोक वित्त; भारतीय ऑडिट एवं लेखांकन सेवा (आईए एवं आईएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए लोक वित्त विषय पर दिनांक 21 जनवरी से 1 फरवरी, 2019; उड़ीसा सरकार के वित्त विभाग के अधिकारियों के लिए दो चरणों (चरण 1 जनवरी 14-18, 2019 तथा चरण 2 फरवरी11-14, 2019) के दौरान मधुसूदन दास रिजनल एकादमी ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट, भुवनेश्वर में लोक वित्त के परिणामों के लिए नवोपाय विषय पर।

विकास

डा. रीता पांडे, प्रोफेसर दिनांक 28 फरवरी, 2019 को सेवानिवृत्त हो गई हैं।

श्री अशोक कुमार खंडुरी द्वारा दिनांक 1.8.2018 से संस्थान में वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी के पद पर कार्यग्रहण किया गया है।

श्री अरूणोदय कुमार, वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी द्वारा त्यागपत्र दिया गया तथा उन्हें 9.7.2018 से कार्य मुक्त कर दिया गया है।

श्री भास्कर मुखर्जी, अधिशासी दिनांक 31 अगस्त, 2018 को सेवानिवृत्त हो गए हैं।

संकाय समाचार

डा.विजय केलकर,अध्यक्ष,एनआईपीएफपीद्वारा पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा इंटरनेशनल थिंक टैंक (आईटीटी) की दिनांक 12-13 अक्तूबर, 2018 को आयोजित दूसरी बैठक में प्रतिभागिता की गई।

भारत के माननीय प्रधान मंत्री के साथ दिनांक 15 अक्तूबर, 2018 को नीति आयोग द्वारा 7, लोक कल्याण मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित वैश्विक तेल एवं गैस नेतृत्व के संबंध में हुई परिचर्चा में प्रतिभागिता की गई।

2. अनुसंधान क्रियाकलाप

निष्पादित अध्ययन

- **भारतीय कारपोरेट सेक्टर पर क्रेडिट दबाव का अध्ययन** (**जुलाई** 2017-**जून** 2018)

प्रायोजक: कारपोरेट कार्य मंत्रालय **(**एमसीए)
दल: अजय शाह, राधिका पांडे, प्रमोद सिन्हा, अमेय सप्रे
लक्ष्य: विद्यमान क्रेडिट दबाव के अंतर को (i) निश्चित स्तरीय डेटा सेट के उपयोग से भारतीय कारपोरेट सेक्टर की संवेदनशीलता को एस्सेस करना (ii) सूचकों के उपयोग से विभिन्न सेक्टरों तथा उप-सेक्टरों में कारपोरेट सेक्टर के दबाव का विश्लेषण एवं सेक्टर वार संवेदनशीलता इंडेक्स का निर्माण करना (iii) डिस्टेंस-टू-डिफाल्ट विधि के उपयोग से क्रेडिट दबाव के परिमाण का मापन किए जाने के माध्यम से पूरा करना।

- **डिजिटल आब्जेक्ट आर्किटैक्चर के संबंध में नीतिगत इनपुट** (**आर्थिक कार्य विभाग**) (**अगस्त** 2017-**जनवरी** 2018)

प्रायोजक: दूरसंचार विभाग (डीओटी)
दल: अजय शाह, स्मृति परशीरा, विशाल त्रेहान, सुदिप्तो बैनर्जी
लक्ष्य: विभिन्न देशों में एमपीए संरचना के कार्यान्वयन का अध्ययन मॉडल

- **कारपोरेट कार्य मंत्रालय की आडिटर्स विशेषज्ञ समिति - कारपोरेट कार्य मंत्रालय एवं एनआईपीएफपी के मध्य समझौता ज्ञापन** (**मई** 2018-**अगस्त** 2018)

प्रायोजक: कारपोरेट कार्य मंत्रालय (**एमसीए)**
दल: अजय शाह, शुभो राय, आशिष अग्रवाल, शैफाली मल्होत्रा, सुदिप्तो बैनर्जी.
लक्ष्य: सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार से बहुराष्ट्रीय ऑडिट फर्मों (एमएएफ) के प्रचालनों की देखरेख के लिए तीन सदस्य समिति का गठन करने के लिए कहा गया है। एनआईपीएफपीएस समिति का सचिवालय है।

- **राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा परिषद (एनसीवीटी) की पुन: संरचना तथा सुदृढ़ीकरण के लिए अनुसंधान एवं परामर्शी सेवाएं (मई 2017 – मार्च**, 2019)

प्रायोजक: कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय **(**एमएसडीई**)**
दल: अजय शाह, अनिरूद्ध बर्मन, सुयश राय, आदित्य सिंह राजपूत
लक्ष्य: मंत्रालय को एनसीवीटी की विनियामक के रूप में पुन:संरचना किए जाने के निर्णयों में सहायता प्रदान करना। इसमें एनसीवीटी से संबंधित निर्णय एवं क्रियाकलाप तथा संचलन एवं प्रक्रियाएं भी शामिल हैं।

- **अध्ययन - क्या मौद्रिक नीति से भारत में वित्तीय स्थिरता उत्पन्न हो सकती है** (**मई 2017-दिसम्बर**, 2018)

प्रायोजक: भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर)
दल: इला पटनायक**,** राधिका पांडे**,** शालिनी मित्तल
लक्ष्य: भारत में मूल्य स्थायित्व एवं वित्तीय स्थायित्व के मध्य समंजन की जांच करना।

- **जनजातीय अनुसंधान एवं विकास संस्थान (टीआरडीआई), भोपाल का संस्थानिक मूल्यांकन एवं अंतर विश्लेषण**

प्रायोजक: मध्य प्रदेश सरकार के अध्याधीन जनजातिय अनुसंधान एवं विकास संस्थान (टीआरडीआई), भोपाल,
दल: पिनाकी चक्रबर्ती एवं श्रुति त्रिपाठी
लक्ष्य: जनजातीय अनुसंधान एवं विकास संस्थान, मध्य प्रदेश द्वारा यूनिसेफ, भोपाल के साथ साझेदारी की गई है; इस साझेदारी का उद्देश्य जनजातिय अनुसंधान संस्थान *की क्षमताओं में संवर्धन* करना, नीतिगत अनुशंसाओं, विशेषत: जनजातिय, के प्रमाण एकत्रण के लिए अनुसंधान एवं मूल्यांकन करनाहै। साझेदारी के फ्रेमवर्क में अनुसंधान, मूल्यांकन एवं मानीटरिंग/मूल्यांकन सहित अध्ययनों की प्रक्रिया के संबंध में टीआरडीकी आंतरिक प्रतिस्पर्धी शक्तियों एवं न्यूनताओं के संबंध में बेहतर अंतदृष्टि प्राप्त करने के लिए **जनजातिय अनुसंधान एवं विकास संस्थान (टीआरडीआई), भोपाल का संस्थानिक मूल्यांकन एवं अंतर विश्लेषण** करने का एक प्रमुख क्रियाकलाप भी शामिल किया गया है। एनआईपीएफपी द्वारा टीआरडीआई के साथ एक अनुबंध करके संस्थान के भावी विकास की विकास योजनाओं का निर्माण करने तथा अपने मूल्यांकन के आधार पर अपनी अनुशंसाएं प्रदान करने के उद्देश्य से टीआरडीआई की शक्तियों, न्यूनताओं, संकटों एवं अवसरों का संज्ञान करने के उद्देश्य से संस्थानिक मूल्यांकन एवं अंतर विश्लेषण कर लिया गया है।

- **समावेशित विकास के लिए अवसंरचना निर्माण**

प्रायोजक: एशियन डेवलपमेंट बैंक
दल: अभिजित सेन गुप्ता (एडीबी), शताद्रू सिकदर एवं ऋचा जैन
लक्ष्य: संक्षेप: इस अध्ययन के अंतर्गत हमारे द्वारा भारत में जीवन यापन के मानकों में सुधार के लिए अवसंरचना विकास द्वारा निभाई गई भूमिका की जांच की गई है। हमने वर्ष 2004-05 से 2015-16 की अवधि के दौरान भारत के प्रमुख 18 राज्यों में चार सेक्टरों, नामत: विद्युत, सड़क परिवहन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य में आय वृद्धि एवं गरीबी कम करने के लिए अवसंरचना की उत्पति की भूमिका का अंवेषण किया है। हमारा प्रमुख्य निष्कर्ष यह रहा है कि सभी सेक्टरों, स्वास्थ्य सेक्टर के अलावा, में अवसंरचना का विकास करके आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। दूसरी तरफ सड़क परिवहन के अलावा सभी सेक्टरों में अवसंरचना के विकास गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले नागरिकों का उत्थान संभव हो सकता है। हमारे निष्कर्षों से ये संकेत प्राप्त हुए हैं कि भौतिक एवं गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य अवसंरचना के स्तर महत्वपूर्ण होते हुए भी भारतीय राज्यों की श्रम उत्पादकता चैनल एवं खपत के माध्यम से विकास पर इसका प्रभाव नहीं हो पाता है।

- **भारत में आर्थिक विकास के पूर्वानुमान : समय परिवर्तित मापदंडों पर रिग्रेशन एप्रोच**

प्रायोजक: एनआईपीएफपी
दल: सुदिप्तो मंडल, परम चक्रबर्ती (अम्बेडकर विश्वविद्यालय), ऋचा जैन
लक्ष्य: मैक्रोइकॉनोमिक नीतियों का प्रभावी एवं समयानुकूल कार्यान्वयन करने के लिए सकल घरेलू उत्पाद के पूर्वानुमान लगाए जाने अनिवार्य हैं। इस पेपर में समय परिवर्तन मापदंड परावर्तन एप्रोच (टीवीपीआर) के प्रमुख घटक का उपयोग भारत की वास्तविक औसत एवं सेक्टरल विकास दर के पूर्वानुमान लगाए जाने के लिए किया गया है। हमारे द्वारा आर्थिक, मौद्रिक, व्यवसाय एवं उत्पादन साइड-विशिष्ट परावर्ती कारकों के मिश्रण के माडल का उपयोग करके अनुमान लगाए गए हैं। विभिन्न विकास ड्राइवरों के महत्व को ज्ञात करने के लिए तीन प्रकार के माडल उपयोग में लाए गए हैं। ''डिमांड साइड'' माडल के लिए इन परावर्ती कारकों में उत्पादन विशिष्ट सूचकों को अलग रखा गया है जबकि ''आपूर्ति साइड'' माडल के लिए सूचना को केवल उत्तरवर्ती सेट में से छांट लिया गया है। ''मिश्रित'' माडल में दोनों प्रकार के परावर्ती कारकों के सेट हैं। हमारा ऐसा मानना है कि टीवीपीआर माडल निरंतर पैरामीटर फैक्टर-संवर्धित परावर्तन मॉडल और डायनेमिक फैक्टर मॉडल तीनों विशिष्टताओं के लिए पूर्वानुमान प्रदर्शन के मामले में बेहतर है। टीवीपीआर मॉडल के आधार पर, हम पाते हैं कि मांग परावर्ती कारक कुल जीडीपी और औद्योगिक क्षेत्र जीडीपी के लिए त्रुटि पूर्वानुमान को कम करता है, जबकि आपूर्ति साइड परावर्ती

कारक सेवा क्षेत्र जीडीपी के लिए त्रुटि पूर्वानुमान को कम करता है। हम यह भी पाते हैं कि कृषि क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद के लिए आपूर्ति साइड परावर्ती कारक और संयुक्त संस्करण दोनों का उपयोग करके पूर्वानुमान त्रुटि को कम किया जाता है।

- **दक्षिण एशिया में वित्तीय वैश्वीकरण एवं आर्थिक विकास: एक प्रयोगसिद्ध अध्ययन**

प्रायोजक: आईसीएसएसआर
दल: एन.आर.भानुमूर्ति, लोकेन्द्र कुमार (रामजस कालेज)एवंदिनेश कुमार नायक
लक्ष्य: इस अध्ययन में दक्षिण एशिया के आर्थिक विकास वित्तीय वैश्वीकरण के प्रभाव की जांच के प्रयास किए गए हैं। आर्थिक विकास पर समग्र प्रभाव के अलावा इसमें उन चैनल (चैनलों) का भी संज्ञान करने के प्रयास किए गए जिनमें माध्यम से वित्तीय वैश्वीकरण से विकास प्रभावित होता है। इस उद्देश्य से प्रत्यक्ष (अर्थात पूंजी का विनियोजन) तथा अप्रत्यक्ष चैनलों (अर्थात वित्तीय विकास, सरकारी नीतियों में परिवर्तन इत्यादि) के दोनों चैनलों के प्रति ध्यान दिया गया है। समग्र क्षेत्र के परिणामों से यह ज्ञात हुआ है कि विकास पर वित्तीय वैश्वीकरण का प्रभाव अत्यधिक सीमित होता है जबकि इसके विपरीत दिशा में जाने के प्रमाण काफी सुदृढ़ हैं। घरेलू विकास के कारण ही वित्तीय वैश्वीकरण संभव हो पाता है। इस अध्ययन में अलग अलग देश स्तरीय विश्लेषण भी किए गए हैं। अलग अलग देश स्तरीय परिणामों में काफी भिन्नता होते हुए भी ऐसी भिन्नताएं मुख्यत: ऐसे देशों की शासन व्यवस्था के स्तर की भिन्नताओं के कारण हैं।

- **प्रधान मंत्री आवास योजना के संचलन मापदंडों का मूल्यांकन - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी)**

प्रायोजक: ग्रामीण विकास मंत्रालय
दल: एन.आर.भानुमूर्ति, एच.के.अमरनाथ, भाबेश हजारिका, कृष्णा शर्मा , कणिका गुप्ता, तानवी ब्राह्मे
लक्ष्य: इस परियोजना में सरकार द्वारा ग्रामीण आवास कार्यक्रम पीएमएवाई-जी में निवेश किए जाने के परिणाम रोजगार एवं आय उत्पति जैसे कुछ सूक्ष्म मापदंडों का विश्लेषण किया गया है। इसके अंतर्गत फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन तथा निधि प्रवाह, निर्माण गति, बचत एवं सूचना प्रौद्योगिकी उपयोग जैसे शासी मापदंडों का मूल्यांकन भी किया गया है। सूक्ष्म स्तर पर रोजगार एवं आय के संदर्भ में ग्रामीण आवास कार्यक्रम के परिणाम सकारात्मक पाए गए हैं। मंत्रालय द्वारा प्रारम्भ किए गए विभिन्न प्रयासों के कारण शासी मापदंडों में भी सुधार देखने में आए हैं। पांच चयनित राज्यों से प्राप्त प्रारंभिक डेटा के विश्लेषण से पीएमएवाइ-जी के अंतगर्त आवास प्राप्त करने वालों के बेहतर स्वास्थ्य की स्थिति भी ज्ञात हुई है। इस कार्यक्रम के माध्यम से लाभग्राही आवास धारकों में आत्म गौरव, संरक्षा एवं सामाजिक समावेशन में भी सुधार आए हैं। इसी के साथ साथ विद्यालयों में बच्चों के निष्पादन एवं विद्यालय में बच्चों को दाखिल करवाने की दर में भी आकर्षक सुधार देखे गए हैं।

- **सरकारी स्कूल व्यवस्था में सुधार: नव विश्वास का आधार**

प्रायोजक: अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय अनुदान, 2016.
दल: सुकन्या बोस, प्रियंता घोष, अरिवंद सरदाना (एकलव्य, मध्य प्रदेश)
लक्ष्य: इस परियोजना में ऐसे विभिन्न लोक वित्त मामलों का अध्ययन किया गया है जिनसे भारत में शिक्षा अधिकार के चिरस्थायी कार्यान्वयन एवं गारंटी पर प्रभाव पड़ते हैं। प्रत्ययात्मक फ्रेमवर्क एवं यूनिट डेटा के प्रयोगसिद्ध उपयोग से सावधानी पूर्वक किए गए इस अनुसंधान में प्रत्येक भारतीय राज्य में शिक्षा के अधिकार के कार्यान्वयन के लिए अपेक्षित नियामक संसाधनों के अनुमान लगाने के प्रयास किए गए हैं।

- **भारत में सरकारों के मध्य आर्थिक अंतरणों का अध्ययन**

प्रायोजक: आईडीआरसी
दल: पिनाकी चक्रबर्ती, लेखा चक्रबर्ती, मनीष गुप्ता, अमनदीप कौर, शताक्षी गर्ग, अजरूद्दीन , रजेल श्रेष्ठा

लक्ष्य: भारत में हाल ही में आर्थिक अंतरणों के संबंध में किए गए नीतिगत परिवर्तनों के साथ केन्द्र एवं राज्य सरकारों के मध्य संबंधों में परिवर्तन आया है। इस अध्ययन का उद्देश्य राज्य स्तर पर आर्थिक व्यवहार एवं लोक सेवा डिलीवरी पर ऐसे परिवर्तनों के प्रभाव का विश्लेषण करना है।

- **राज्य वित्त आयोग की रिपोर्टों की समीक्षा (बीएमजीएफ परियोजना के अंतर्गत पंद्रहवा वित्त आयोग - लोक वित्त में नवोपाय)**

प्रायोजक: बीएमजीएफ
दल: पिनाकी चक्रबर्ती, मनीष गुप्ता
लक्ष्य: इस अध्ययन के अंतर्गत राज्यों द्वारा विभिन्न राज्यों की स्थानीय सरकारों को अंतरित किए जाने वाले संसाधनों के लिए विभिन्न राज्य वित्त आयोगों द्वारा अंगीकार की गई व्यवस्थाओं का अध्ययन किया गया है। 15वें वित्त आयोग के अनुरोध पर तैयार की गई इस रिपोर्ट में 25 राज्य वित्त आयोगों की रपिोर्टों की जांच की गई है। इस अध्ययन विश्लेषण में राज्य वित्त आयोगों के प्रचालनों के अंतरों एवं चुनौतियों एवं राज्य स्तर पर राज्य वित्त आयोगों की अनुशंसाओं का प्रभाव्यता का अध्ययन/विश्लेषण किया गया है।

- **केन्द्र एवं राज्यों के मध्य संसाधन सहभाजन : सिद्धांत तथा रूझान**

प्रायोजक: पंद्रहवा वित्त आयोग
दल: पिनाकी चक्रबर्ती
लक्ष्य: संविधान में तथापि भारत की संकल्पना अर्ध-संघीय राष्ट्र के रूप में की गई है परन्तु स्वतंत्रता के पश्चात के प्रथम चालीस वर्षों में केन्द्र एवं राज्य स्तर पर महत्वपूर्ण राजनैतिक समदृश्यता देखने में आई है जिसके कारण केन्द्र में शक्ति का केन्द्रीकरण हुआ है। बाद के दशकों में, तथापि, राज्य स्तर पर अत्यधिक राजनैतिक एवं आर्थिक प्रतिस्पर्धा के उदय के साथ साथ अपकेन्द्री रूझानों में कुछ बढ़ोतरी देखी गई है। बाद की स्थिति से ही उदारीकरण की लाभकारी शक्तियों का मार्ग प्रशस्त हुआ जो अस्सी के दशक के अंत एवं नब्बे के दशक के प्रारम्भ में प्राप्त प्रभाव से अपना प्रभुत्व जमा पाई। राजस्व नीति के प्रति केन्द्र एवं राज्य सरकारों की अभिमुखमता से भी आर्थिक सुधारों पर बदलाव स्थापित हुए जिनका प्रभाव केन्द्र-राज्य अंतरणों के परिमाण एवं स्वरूप पर पड़ा। इस अध्ययन में केन्द्र से राज्यों के साथ संसाधनों के सहभाजन की प्रक्रियाओं एवं उसके सिद्धांतों का अध्ययन किया गया है। यह अध्ययन 15वें वित्त आयोग के अनुरोध पर किया गया है।

- **वर्ष 2022 तक के लिए राज्य राजस्व पूर्वानुमान**

प्रायोजक: बिल एंड मेलिन्डा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ)
दल: आर. कविता राव, सच्चिदानंद मुखर्जी, सुरांजली टंडन एवं हरी नायुडु
लक्ष्य: इसमें हमने चार राज्यों के राजस्व का विश्लेषण किया है। अनुमानित कार्य कौशल, परावर्तन रूझान विश्लेषणों के उपयोग के आधार पर प्रत्येक कर एवं गैर-कर राजस्व के पूर्वानुमान लगाए गए हैं। मूल्य संवर्धित कर संग्रहण, राज्य उत्पाद, स्टाम्प ड्यूटी तथा पंजीकरण शुल्क, राज्य एवं परिवहन करों का विश्लेषण प्रसंभाव्य फ्रंटियर विश्लेषणों के उपयोग से करके वर्ष 2022 तक के राजस्व अनुमान लगाए गए हैं। गैर-कर राजस्व एवं अन्य छोटे करों को परावर्तन एवं रूझान विश्लेषणों के उपयोग से किए गए उक्त करों के विश्लेषण से अलग रखा गया है। विभिन्न कर एवं गैर-कर राजस्वों के संभावित मूल्यों के योग से कुल राज्य राजस्वों का औसत प्राप्त किया जा सका है। इसमें हमने चार स्थितियों की प्रस्तुति की है।

- **भारत के स्वास्थ्य बीमा नेटवर्क में निजी अस्पताल: आयुष्मान भारत के कार्यान्वयन पर विचार**

प्रायोजक: बिल एंड मेलिन्डा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ)
दल: मीता चौधरी, प्रीतम दत्ता

लक्ष्य: निजी अस्पतालों से सरकार द्वारा प्रायोजित भारत की स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रमुख भूमिका का निर्वाह करने की प्रत्याशा की गई है। इस पेपर में देश में निजी अस्पतालों की उपलब्धता एवं प्रसार का अध्ययन सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के अंतर्गत बीमित स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध करवाए जाने के दृष्टिकोण से किया गया है।

- **बीआईओएफआईएन: जैवविविधता के संरक्षण के लिए संसाधनों का एकत्रण** (**दिसम्बर** 2017 - **सितम्बर** 2018)

प्रायोजक: यूएनडीपी
दल: रीता पांडे, रेणुका साने, प्रिया यादव, सुमित अग्रवाल

जारी अध्ययन

- **ट्राई- एनआईपीएफपीअनुसंधान कार्यक्रम का कार्यान्वयन** (**जून** 2016-**मई** 2019)

प्रायोजक: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई)
दल: अजय शाह, इला पटनायक, स्मृति परिशरा, मयंक मिश्रा, फैजा रहमान, सुदिप्तो बैनर्जी, देवेन्द्र डामले, ऋषभ बेली, सारंग मोहारिर, अशिम कपूर, रचना शर्मा, सुदिप्तो बैनर्जी, विशाल त्रेहान , श्रृष्टि शर्मा
लक्ष्य: एनआईपीएफपीद्वारा ट्राई के साथ दूरसंचार ब्रॉडकास्टिंग सेक्टरों के विनियामक शासन एवं आर्थिक विश्लेषणों के क्षेत्रों का विश्लेषणात्मक एवं नीतिगत अनुसंधान करने के लिए तीन वर्षीय समझौता ज्ञापन किया गया है।

- **उत्तर प्रदेश में अस्पताल प्रबंधन व्यवस्था के निष्पादन ऑडिट में विशेषज्ञ सहायता प्रदान करने के लिए करार** (**मई** 2018-**जुलाई** 2019).

प्रायोजक: भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी)
दल: अजय शाह, इला पटनायक, शुभो राय, अमेय सप्रे, हरलीन कौर, महिमा गुप्ता, प्रमोद सिन्हा, रचना शर्मा, समीर पेठे, शैफाली मलहौत्रा, सुप्रिया कृष्णन
लक्ष्य: अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा उत्तर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के निष्पादन ऑडिट की प्रक्रिया के लिए एनआईपीएफपीद्वारा एक बाह्य विशेषज्ञ एजेंसी के रूप में सीएजी को परामर्शी एवं ज्ञान सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। ऑडिट कार्यों के दौरान सीएजी के साथ एनआईपीएफपी की संलिप्तता के दौरान रणनीतिक लक्षित विकास, ऑडिट योजना का निर्माण ऑडिट निष्पादन एवं विश्लेषण संभव हो पाएगा।

- **स्वास्थ्य एवं इसके वित्तीयन के अनुसंधान एवं नीतियों में सुधार** (**दिसम्बर** 2015-**दिसम्बर** 2019)

प्रायोजक: बिल एवं मेलिन्डा गेट्स फाउंडेशन
दल: अजय शाह, इला पटनायक, शुभो राय, शैफाली मलहौत्रा, हरलीन कौर, रचना शर्मा, संहिता सपतनेकर, महिमा गुप्ता, मनप्रीत सिंह, समीर पेठे, सुप्रिया कृष्णन , मधुर मेहता. सिद्धार्थ श्रीवास्तव, मोमिता दास
लक्ष्य: भारतीय स्वास्थ्य क्षेत्र का चित्रण करने वाली समस्याएं जटिल हैं। एक ओर जहांस्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता से संबंधित मुद्दे हैं, और दूसरी ओर राज्य लोक स्वास्थ्य व्यय की स्थिति के साथ साथ इसके व्यय के लेखांकन के कार्यक्रमों के डिजाइन और कार्यान्वयन भी समस्याएं भी इससे जुड़ी हुई हैं। भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में सूचना अंतराल अपर्याप्त या अपूर्ण डेटा से नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति को देखते हुए एक एकीकृत दृष्टिकोण के अभाव के कारण भी है।बिल एवं मेलिन्डा गेट्स फाउंडेशनद्वारा एनआईपीएफपीको भारत में राज्यों के स्वास्थ्य की बेहतर समझ के लिए अपेक्षित उपकरण का विकास करने के लिए निधियन प्रदान करने के साथ साथ भारत में इसके लिए वित्तीयन भी किया जा रहा है। परियोजना का डिजायन लोक स्वास्थ्य वित्त के विस्तृत डेटासेट के लिए निर्माण के लिए ऊपर उल्लिखित सूचना अंतरों को भरने के उद्देश्य से तैयार

किया गया है। इसका समग्र उद्देश्य विश्वसनीय एवं विस्तृत डेटा उपलबध करवाना है जिससे स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य संबंधित कार्यक्रमों की डिजायनिंग एवं मानीटरिंग में सहायता प्रदान किए जाने के माध्यम से बेहतर सूचित निर्णय निर्धारण किए जा सकें।

- **भारत के विशेष क्षेत्रों की जटिल समस्याओं का अध्ययन** (**अप्रैल** 2018-**दिसम्बर** 2019)

प्रायोजक: भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर)
दल: इला पटनायक, अशिम कपूर, रचना शर्मा, समीर पेठे, शैफाली मलहौत्रा, चिराग आनन्द
लक्ष्य: इस परियोजना के अंतर्गत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पालिसी(एनआईपीएफपी) द्वारा आईसीएसएसआर को *विशेष क्षेत्रों के जटिल मामलों* से संबंधित डिजीटल लाइब्रेरी के पेपर के संयोजन में सहयोग दिया जा रहा है। इस डिजीटल लाइब्रेरी का डिजायन एवं अनुरक्षण एनआईपीएफपीद्वारा किया जाएगा। इस लाइब्रेरी में घटक असेम्बली डिबेट्स, विधिक उपकरण, नीति पेपर, यूएन पेपर एवं करारों सहित प्रारम्भिक सामग्रियों को शामिल किया जाएगा।

- **एमसीए अनुसंधान कार्यक्रम** (**फरवरी** 2019-**जनवरी** 2021)

प्रायोजक: कारपोरेट कार्य मंत्रालय
दल: इला पटनायक, प्रतीक दत्ता, सुदिप्तो बैनर्जी, कार्तिक सुरेश, मेधा राजू, शुभो राय
लक्ष्य: प्रस्तावित फ्रेमवर्क का डिजायन कारपोरेट कार्य मंत्रालय तथा एनआईपीएफपी के मध्य तीन वर्षों के लिए औपचारिक अनुसंधान कार्यक्रम के लिए निर्मित किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एनआईपीएफपी द्वारा कारपोरेट कार्य मंत्रालय के सांविधिक उत्तरदायित्वों के संबंध में आवश्यक विधिक,नीतिगत एवं अनुसंधान सहायता प्रदान की जाएगी।

- **भूमि बाज़ार को बेहतर बनाना** (**अप्रैल** 2019-**मार्च** 2021)

प्रायोजक: ओमिदयार नेटवर्क
दल: ईला पटनायक, देवेन्द्र डामले
लक्ष्य: भूमि भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण और संभवत: सबसे कम सुधार किए गए घटकों में से एक है। पिछले दो दशकों से अनवरत विकास एवं बढ़ते हुए शहरीकरण के परिणामस्वरूप भूमि बाजार में मांग आधारित परिवर्तन स्थापित हुए हैं। इस अध्ययन का उद्देश्य निम्नलिखित के संबंध में जानकारी प्राप्त करना है:

1. प्रशासनिक डिजायन एवं क्षमता में सुधार के लिए भूमि प्रशासन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त करना।
2. प्रभावहीनता, न्यूनतर संव्यवहार लागतों एवं भूमि बाजार में बेहतर सम्पति अधिकारो के निर्माण के लिए भूमि अधिकारों एवं प्रतिबंधों की भूमिका का संज्ञान करना।
3. भूमि बाजारों की बाजार असफलताओं तथा भूमि व्यवस्था के डिजायन एवं विनियमन की भूमिका की जानकारी प्राप्त करना।

- **प्रभावशाली राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद की स्थापना के लिए संगठनात्मक डिजायन एवं आंतरिक प्रक्रियाएं (एनसीवीईटी)**

प्रायोजक: ओमिदयार नेटवर्क सर्विसेज
दल: इला पटनायक, प्रतीक दत्ता, सारंग मोहारिर
लक्ष्य: यह अध्ययन एनसीवीईटी (दो विनियामक निकायों, एनसीवीटी तथा एनएसडीए के विलय से गठित) को सम्पूर्ण भारत के कौशल विकास कार्यक्रमों गुणवत्ता में सुधार के लिए है। इस अध्ययन से एनसीवीईटीके लिए डिजायन का निर्माण संभव हो पाएगा; एनसीवीईटी को अपने निष्पादित के लिए अपेक्षित प्राथमिक क्षेत्रों की पहचान, प्रमुख क्रियाकलापों एवं प्रक्रियाओं की सूची प्राप्त हो सकेगी। इस अध्ययन से विनियामक उपकरणों, संविदाओं तथा दिशानिदेशों का भी पता लगाया जा सकेगी जिनकी आवश्यकता एनसीवीईटी को अपनी स्थापना के पश्चात जारी तथा प्रवर्तन के लिए अपेक्षित होगी। एनआईपीएफपी द्वारा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा अन्य भागीदारों की संलिप्तता से एनसीवीईटी की स्थापना के लिए अपेक्षित

कार्यान्वयन योजना के निर्माण में सहायता प्रदान की जाएगी तथा इसके संबंध में परामर्श एवं बैठकों का आयोजन किया जाएगा। (फरवरी 2019-अगस्त 2019).

- **भारत में सकल घरेलू उत्पाद विकास के त्रैमासिक पूर्वानुमान (एनसीएईआर के सहयोग से)**

प्रायोजक: एनआईपीएफपी एवं एनसीएईआर
दल: रूद्राणी भट्टाचार्य (एनआईपीएफपी), सुदिप्तो मंडल (एनसीएईआर), बोरनली भंडारी (एनसीएईआर), एवं संध्या गर्ग (एनसीएईआर)
लक्ष्य: हाई फ्रिक्वेंसी मैक्रो डेटा के उपयोग से रियल टाइम त्रैमासिक सकल घरेलू उत्पाद के पूर्वानुमान

- **वित्तीय संरचना, संस्थानिक गुणवत्ता एवं मौद्रिक नीति ट्रांसमिशन : मेटा विश्लेषण**

प्रायोजक: एनआईपीएफपी
दल: श्रुति त्रिपाठी (एनआईपीएफपी), सहाना राय चौधरी (आईएमआई, कोलकाता)
लक्ष्य: अनुभवजन्य पुराने साहित्य में मौद्रिक नीति के ट्रांसमिशन के संदर्भ में विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वास्तविक गतिविधियों और मुद्रास्फीति के लिए मौद्रिक नीति के लपेट से हुए कमजोर ट्रांसमिशन की स्वीकृति दी गई है। कमजोर वित्तीय प्रणाली, वित्तीय एकीकरण के निम्न स्तर और कमजोर संस्थानों को अक्सर इन अर्थव्यवस्थाओं में मौद्रिक नीति ट्रांसमिशन की कमी के उदाहरणोंके रूप में उद्धृत किया जाता है। यह पेपर में इस तथ्य की जांच की गई है कि मेटा-विश्लेषण ढांचे का उपयोग करके विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के एक व्यापक सेट में मौद्रिक नीति ट्रांसमिशन की सीमा में भिन्नता को ये कारक किस हद तक सुलझा सकते हैं। हमने यह पाया है कि विभिन्न वित्तीय संकेतकों द्वारा कब्जा किए गए वित्तीय विकास की डिग्री से मौद्रिक नीति ट्रांसमिशन परिमाण और समय अंतराल में क्रॉस-कंट्री विविधताओं की व्याख्या प्रस्तुत होती है। हम उत्पादन वृद्धि के लिए ट्रांसमिशन परिमाण में वित्तीय आउटपुट की भूमिका भी पाते हैं।

- **भारत में निजी कारपोरेट निवेश का निर्धारण: मौद्रिक एवं आर्थिक नीति की अवस्थिति का निर्धारण (नवम्बर** 2017-2018)

प्रायोजक/सहयोजन: फोरधम यूनिवर्सिटी**,** न्यूयार्क
दल: लेखा चक्रबर्ती**,** ऋषिकेश विनोद **(**फोरधम यूनिवर्सिटी**)** एवं हनी करूण (आईएमएफ)
लक्ष्य: भारत में कारपोरेट निवेश के निर्धारकों का औसत स्तर पर विश्लेषण मौद्रिक एवं आर्थिक नीति की भिन्नताओं एन्ट्रोपी एनसेम्बल्स एवं बूट स्ट्रैपिंग विधि के उपयोग से विश्लेषण करना।

- **उप राष्ट्रीय सरकारों की बजट विश्वसनीयता: भारत के 28 राज्यों की आर्थिक पूर्वानुमान चूकों का विश्लेषण**

प्रायोजक: गेट्स कम्पोनेंट
दल: पिनाकी चक्रबर्ती, लेखा चक्रबर्ती, रूजेल श्रेष्ठ
लक्ष्य: भारत में 28 राज्यों (तेलंगाना को छोड़कर) के लिए पूर्वानुमान और पूर्वानुमान त्रुटियों के स्रोतों का अनुमान लगाने के उद्देश्य से माइक्रो आर्थिक भिन्नताओं के पूर्वानुमानों और वास्तविकताओं के बीच महत्वपूर्ण विचलन की जांच करने के लिए एक तकनीक का उपयोग करता है।

- **आर्थिक नीति**, **सरकारों के मध्य अंतरण एवं लिंग समानता : भारतीय राज्यों का अध्ययन** (**दिसम्बर** 2017-**दिसम्बर** 2019)

प्रायोजन/सहयोजन: जेनेट स्टोटस्की, आईएमएफ, वाशिंगटन डीसी एवं वाशिंगटन विश्वविद्यालय
दल: लेखा चक्रबर्ती, जेनेट स्टोटस्की एवं पियुष गांधी (आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय)
लक्ष्य: सभी राज्यों के संबंध में भारत में राजकोषीय अंतरणों और लैंगिक समानता की उप-राष्ट्रीय राजनैतिक आर्थिक प्रक्रियाओं और लिंकेज का अनुभवजन्य विश्लेषण करने के लिए।

- **लिंग समानता एवं शिक्षा एवं स्वास्थ्य में आर्थिक विस्तार पर सेक्टर व्ययों की प्रभाव्यता: एशिया प्रशांत क्षेत्र का अध्ययन** (**सितम्बर** 2017 –**अगस्त** 2020)

प्रायोजक: स्वयं प्रयासों द्वारा
दल: लेखा चक्रबर्ती, पियुष गांधी (आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय)
लक्ष्य: आर्थिक नीति व्यवहारों के प्रभाव का आनुभविक विश्लेषण - विशेष रूप से लैंगिक बजट की प्रक्रियाओं और विश्लेषणात्मक रूपरेखा के संदर्भ में - करने के लिए एशिया प्रशांत देशों में, राजनीतिक आर्थिक फ्रेमवर्क के दायरे में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों में लिंग समानता के आधार पर वितरित किए गए लिंग बजटिंग।

- **पोषण - लोक व्यय समीक्षा** (**सितम्बर** 2018- **सितम्बर** 2020)

प्रायोजक: बिल एंड मेलिन्डा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ)
दल: लेखा चक्रबर्ती, अमनदीप कौर, रसेल श्रेष्ठ, कोमल जैन
लक्ष्य: यूनिसेफ तथा गुजरात सरकार के साथ समन्वय से पोषण – पीईआर का विश्लेषण।

- **ओईसीडी देशों में पीएफएम के रूप में लिंग बजटिंग: स्वीडन से प्राप्त अनुभवजन्य साक्ष्य** (**अगस्त** 2018-**अगस्त** 2019)

प्रायोजक/सहयोजन: यूनिवर्सिटी ऑफ उप्पासला एवं स्वीडन सरकार
दल: लेखा चक्रबर्ती
लक्ष्य: यह विश्लेषण करना कि किस स्वीडन द्वारा श्रम बाजारों एवं अन्य सामाजिक आर्थिक लिंग असमानताओं को लैंगिक बजटिंग के उत्तरदायी उपकरण के उपयोग कम करने में सफलता प्राप्त की है।

- **लोक वित्त के प्रभाव के लिए नवोपाय**

प्रायोजक: बिल एंड मेलिन्डा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ), यूएसए
दल: पिनाकी चक्रबर्ती, लेखा चक्रबर्ती, मनीष गुप्ता
लक्ष्य: यह अध्ययन तीन वर्षीय परियोजना के अंतर्गत है जो भारत में लोक वित्त के प्रभाव के नवोपायों के लिए लोचक तकनीकी सहायता से किया जाना है।

- **वस्तु एवं सेवा कर के प्रवर्तन के वित्तीय प्रभाव - पंद्रहवें वित्त आयोग द्वारा कमीशंड**

प्रायोजक: बिल एंड मेलिन्डा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ)
दल: सच्चिदानंद मुखर्जी, आर.कविता राव

- **करदाताओं द्वारा वस्तु एवं सेवा कर के अनुपालन किए जाने के प्रभाव का सर्वेक्षण**

प्रायोजक: बिल एंड मेलिन्डा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ)
दल: आर.कविता रावएवंसुरांजली टंडन

- **मध्य प्रदेश एफआरबीएम अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन की द्विवार्षिक समीक्षा**

प्रायोजक: मध्य प्रदेश सरकार
दल: रथिन राय एवं प्रताप रंजन जेना
लक्ष्य: इस अध्ययन के अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार के आर्थिक निष्पादन तथा उनके द्वारा एफआरबीएम अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2015-16 से 2016-17 के दौरान किए गए अनुपालन के मूल्यांकन का अध्ययन किया जाना अपेक्षित है। इस अध्ययन में राजस्व निष्पादन, व्यय प्राथमिकताओं, बजट प्रबंधन व्यवस्था सहित राज्य वित्त के विस्तृत मूल्यांकन किया जाना अपेक्षित है। इस अध्ययन में राज्य मापदंडों को विचार में लेते हुए एफआरबीएम अधिनियम के प्रावधानों का सरकार द्वारा किए गए अनुपालन का मूल्यांकन किया गया है।

- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के वित्तीय प्रभाव: भविष्य के लिए प्रभाव एवं प्रज्ञता**

प्रायोजक: बिल एंड मेलिन्डा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ)
दल: मीता चौधरी, रंजन कुमार मोहंती, राशि मित्तल
लक्ष्य: यह अध्ययन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रवर्तित राज्यों के स्वास्थ्य व्ययों के माध्यम से केन्द्रीय अंतरणों के विस्तार का परीक्षण किए जाने के लिए आशित है।

- **भारतीय राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन द्वारा किए गए सर्वेक्षण के 71वें दौर के अनुसार स्वास्थ्य पर घरेलू व्यय का विश्लेषण**

प्रायोजक: विश्व स्वास्थ्य संगठन
दल: मीता चौधरी, जय देव दुबे, बिदिशा मंडल
लक्ष्य: यह विश्लेषण भारत में स्वास्थ्य पर ओओपीई की प्रकृति, विस्तार एवं प्रभाव की आधार रेखा का संज्ञान करने के लिए आशित है तथा भविष्य में इसका उपयोग बेंचमार्क के रूप में वैश्विक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के प्रति भारत की अभिमुखता को ज्ञात करने के लिए भी किया जा सकेगा।

- **भारत में स्वास्थ्य पर लोक वित्तीयन : आगे की दिशा**

प्रायोजक: बिल एंड मेलिन्डा गेट्स फाउंडेशन
दल: मीता चौधरी, रंजन कुमार मोहंती, श्रुति त्रिपाठी, प्रीतम दत्ता, जय देव दुबे, बिदिशा मंडल, सुनेत्रा घटक, राशि मित्तल
लक्ष्य: यह एक ऑनगोइंग तीन वर्षीय परियोजना है जो भारत में स्वास्थ्य पर लोक वित्तीयन के प्रभाव को ज्ञात करने तथा औचित्यपरक विकल्प सुझाने के विचार से की जा रही है।

नव प्रवर्तित परियोजनाएं

- **उत्तर प्रदेश में अस्पताल प्रबंधन व्यवस्था के निष्पादन ऑडिट के लिए विशेषज्ञ सहायता प्रदान करने का अनुबंध(मई** 2018 –**जुलाई** 2019)

प्रायोजक: भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी)
दल: अजय शाह, इला पटनायक, शुभो राय, अमेय सप्रे, हरलीन कौर, महिमा गुप्ता, मनप्रीत सिंह, प्रमोद सिन्हा, रचना शर्मा, समीर पेठे, शैफाली मलहौत्रा, सुप्रिया कृष्णन

- **आईसीएसएसआर - विशेष क्षेत्रों के जटिल मामले** (**अप्रैल** 2018 – **दिसम्बर** 2019)

प्रायोजक: भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर)
दल: इला पटनायक, अशिम कपूर, रचना शर्मा, समीर पेठे, शैफाली मलहौत्रा, चिराग आनन्द

- **एमसीए अनुसंधान कार्यक्रम** (**फरवरी** 2019 – **जनवरी** 2021)

प्रायोजक: कारपोरेट कार्य मंत्रालय
दल: इला पटनायक, प्रतीक दत्ता, सुदिप्तो बैनर्जी, कार्तिक सुरेश, मेधा राजू, शुभो राय

- **भूमि बाज़ार को बेहतर बनाना** *(***अप्रैल** *2019 –* **मार्च** *2021)*

प्रायोजक: ओमिदयार नेटवर्क
दल: इला पटनायक, देवेन्द्र डामले

- **कॉफी बोर्ड द्वारा किसानों एवं निर्यातकों के लिए विस्तारित विभिन्न अनुदानों के प्रभाव का मूल्यांकन**

प्रायोजक: कॉफी बोर्ड, बंगलौर
दल: रथिन राय, भाबेश हजारिका एवं एन.आर. भानुमूर्ति

- **द्वार रिसर्च फाउंडेशन एवं एनआईपीएफपीके मध्य डाटा सहभाजन करार**

प्रायोजक: द्वार रिसर्च फाउंडेशन
दल: रेणुका साने

- **जैव विविधता – वित्त एवं एस्सेस तथा भारत में लाभ सहभाजन : राजस्व हानि के कारण प्रमुख चुनौतियों का मूल्यांकन**

प्रायोजक: यूएनडीपी
दल: रीता पांडे
लक्ष्य: यह अध्ययन एनआईपीएफपी की जैव विविधता वित्त के संबंध में जारी परियोजना के लिए उपयोग में लाया जाएगा।

- **एफआरबीएम अधिनियम**, 2010 **के अनुपालन के संदर्भ में सिक्किम सरकार की अनुपालन रिपोर्ट**, 2016-17 **को तैयार करने में एनआईपीपीएफ का सहयोग।**

प्रायोजक: सिक्किम सरकार

दल: प्रताप रंजन जेना

- **प्रधान मंत्री आवास योजना – शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत रोजगार उत्पति का मूल्यांकन**

प्रायोजक: आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय
दल: एन.आर.भानुमूर्ति, दिनेश कुमार नायक, भाबेश हजारिका, तानवी ब्राह्मे, कणिका गुप्ता, अशोक भाकर

- **इथोपिया में संघवाद**

प्रायोजक: बिल एंड मेलिन्डा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ)
दल: रथिन राय, लेखा चक्रबर्ती, मनीष गुप्ता

- **बच्चों के लिए लोक वित्त : राज्य स्तरीय विश्लेषण – गुजरात, तेलंगाना, उड़ीसा तथा कर्नाटक** (**मार्च** 2019-**जनवरी** 2020)

प्रायोजक: बिल एंड मेलिन्डा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ)
दल: लेखा चक्रबर्ती, अमनदीप कौर

- **अनपेड केयर अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक नीति**

प्रायोजन/सहयोजन: अमेरिकन यूनिवर्सिटी, वाशिंगटन डीसी
दल: लेखा चक्रबर्ती

- **राज्य जैव विविधता रणनीति एवं कार्य योजना तथा हिमाचल प्रदेश में एसबीएसएपी के कार्यान्वयन के लिए संसाधन एकत्रण की रणनीतियों का निर्माण** (**प्रारम्भ तिथिदिसम्बर**, 2018)

प्रायोजक: यूएनडीपी
दल: रीता पांडे, प्रिया यादव, अनुजा मलहौत्रा, गरिमा जसुजा, रेणुका साने

- **राज्य जैव विविधता रणनीति एवं कार्य योजना को अद्यतन करना तथा हिमालय संरक्षण के लिए भारत सरकार की यूएनडीपी परियोजना के अंतर्गत एसबीएसएपी के कार्यान्वयन के लिए संसाधन एकत्रण की रणनीतियों का निर्माण** (**प्रारम्भ तिथिदिसम्बर**, 2018)

प्रायोजक: यूएनडीपी
दल: रीता पांडे, प्रिया यादव, अनुजा मलहौत्रा, गरिमा जसुजा, रेणुका साने

3. कार्यशालाएं, बैठकें तथा सम्मेलन

	शीर्ष	आयोजन कर्ता	तिथि तथा स्थान
1.	**आर्थिक संघवाद से क्या प्रभाव होते हैं?**पर गोलमेज चर्चा	एनआईपीएफपी एवं विश्व बैंक	01 अगस्त, 2018 एनआईपीएफपी ऑडिटोरियम
2.	**राज्य वित्तीय के मुद्दे – राज्य बजट 2018-19 का विश्लेषण** पर अर्ध-दिव्सीय सेमिनार	एनआईपीएफपी	10 अगस्त, 2018 मल्टी पर्पस हाल, आईएचसी नई दिल्ली
3.	**तीसरा आर्थिक नीति सम्मेलन**	एनआईपीएफपीएवंद इंस्टीट्यूट ऑफ न्यू इकॉनिमिक थिंकिंग (आईएनईटी)	26-28 नवम्बर, 2018 इंडिया हेबीटेट सेंटर, नई दिल्ली
4.	**भारत में बाल बजट: बाल अधिकारों की उपयोज्यता में उत्तम निवेश''** के विषय पर अर्ध-दिवसीय राष्ट्रीय गोष्ठी	सेव द चिल्ड्रन तथा राष्ट्रीय शिक्षा परिषद (एनसीई) के सहयोग से	20 दिसम्बर, 2018 एनआईपीएफपीऑडिटोरियम
5.	बांग्लादेश के युवा एवं मध्यम स्तरीय अधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल के लिए **''भारत सरकार की लोक वित्त नीति एवं संगठनात्मक क्रियाकलापों की समीक्षा''**विषय पर अर्ध-दिवसीय परिचर्चा	एनआईपीएफपी	29 जनवरी, 2019 एनआईपीएफपी ऑडिटोरियम
6.	**डिफिक्ल्ट डॉयलाग''**विषय पर संगोष्ठी	गोवा इंटरनेशनल सेंटर, गोवा के साथ साझेदारी से एनआईपीएफपी	31 जनवरी – 2 फरवरी, 2019 गोवा इंटरनेशनल सेंटर, गोवा

4. प्रशिक्षण कार्यक्रम

	शीर्ष	तिथि	स्थल	कार्यक्रम समन्वयक
1.	आईसीएएस के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए'' **नए मुद्दे तथा लोक वित्त एवं नीति की चुनौतियां**''	अप्रैल 9-20, 2018	एनआईपीएफपी	लेखा चक्रबर्ती एवं अमनदीप कौर
2.	भारतीय आर्थिक सेवा के 2017 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए ''**लोक वित्त**''	जून 18 – 22, 2018	एनआईपीएफपी	रूद्राणी भट्टाचार्य
3.	आईए एवं एएस अधिकारियों के लिए'' **एनआईपीएफपी का उन्नत प्रबंधन विकास कार्यक्रम**''	दिसम्बर 10 – 14, 2018	एनआईपीएफपी	पिनाकी चक्रबर्ती एवं मनीष गुप्ता
4.	आईसीएएस के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए ''**नए मुद्दे तथा लोक वित्त एवं नीति की चुनौतियां**''	दिसम्बर 10 – 21, 2018	एनआईपीएफपी	अमनदीप कौर
5.	दक्षिण एशिया क्षेत्र के विश्वविद्यालय एवं कालेज अध्यापकों के लिए दो सप्ताह के 12वें **लोक अर्थशास्त्र पुनश्चर्या पाठ्यक्रम** का आयोजन	दिसम्बर 17-28, 2018	एनआईपीएफपी	अमेय सप्रे एवं सुरांजली टंडन
6.	भारतीय आर्थिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए ''**लोक वित्त**''	दिसम्बर 24-28, 2018	एनआईपीएफपी	मनीष गुप्ता एवं रूद्राणी भट्टाचार्य
7.	भारतीय ऑडिट एवं लेखांकन सेवा (आईए एवं आईएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए ''**लोक वित्त**''	जनवरी 21 – फरवरी 01, 2019	एनआईपीएफपी	अमेय सप्रेएवं सुरांजली टंडन
8.	उड़ीसा सरकार के वित्त विभाग के अधिकारियों के लिए ''**लोक वित्त के परिणामों के लिए नवोपाय**'' चरण-।	जनवरी 14-18, 2019	भुवनेश्वर	पिनाकी चक्रबर्ती एवं मनीष गुप्ता
9.	उड़ीसा सरकार के वित्त विभाग के अधिकारियों के लिए ''**लोक वित्त के परिणामों के लिए नवोपाय**'' चरण-।।	फरवरी 11-14, 2019	भुवनेश्वर	पिनाकी चक्रबर्ती एवं मनीष गुप्ता

5. प्रकाशन एवं संचार

इस अकादमिक वर्ष के दौरान एनआईपीएफपी द्वारा दो मोनोग्राफ प्रकाशित किए गए हैं – (1) एनालिसिस ऑफ स्टेट बजट 2017-18: एमर्जिंग इश्यूज (इम्पेक्ट ऑफ पावर सेक्टर डेब्ट – उदय आन स्टेट फाइनेंस)'', पिनाकी चक्रबर्ती, मनीष गुप्ता, लेखा चक्रबर्ती, अमनदीप कौर (2018) तथा (2) "एमर्जिंग इश्यूज इन स्टेट फाइनेंस पोस्ट फोर्टिन्थ फाइनेंस कमीशन : एनाजिसस ऑफ स्टेट बजट् 2017-18", मनीष गुप्ता, लेखा चक्रबर्ती एवं पिनाकी चक्रबर्तीद्वारा किए गए हैं। ये मोनोग्राफ बेल एंड मेलिन्दा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) से अनुदान प्राप्त विस्तृत अनुसंधान परियोजना का प्रतिफल हैं।

संस्थान का अर्धवार्षिक न्यूजलैटर जुलाई, 2018 तथा जनवरी, 2019 में प्रकाशित किया गया है जिसमें इसकी जारी परियोजनाओं, संकाय क्रियाकलापों तथा कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत अपडेट दिए गए हैं। एनआइपीएफपी के अनुसंधान संकाय एवं उनके सहयोगियों द्वारा कुल **32 कार्य दस्तावेजों** की रचना की गई है तथा इनका प्रकाशन एनआईपीएफपी कार्य पेपर श्रृंखला के अंतर्गत किया गया है। रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान विभिन्न विषयों पर आधारित कुल **06 एक पृष्ठीय एवं 20 ब्लॉग लेख** प्रकाशित किए गए हैं।

इस यूनिट द्वारा संस्थान की वेबसाइट www.nipfp.org.in. को नियमित रूप से अपडेट किया जाता है। वेबसाइट उपयोक्ता एनआईपीएफपी के संकाय सदस्यों द्वारा रचित लेखों से युक्त नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पालिसी ब्लॉग भी अब देख सकते हैं जिसमें लोक वित्त एवं नीति विषयों पर सभी लेख उपलब्ध होते हैं। यह ब्लॉग http://nipfp.org.in/blog/पर उपलब्ध है। एनआईपीएफपीका का ट्वीटर पर सोशल मीडिया एकाउंट nipfp.org.org.in के यूजर नाम से तथा इसका कुशल उपयोग अनुसंधान कार्यों एवं कार्यक्रमों की जानकारी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सर्कलों में प्रसारित करने के लिए किया जाता है। संस्थान के पास अपना यूट्यूब चैनल nipfp events के नाम से यहां से XXX वीडियो भी जारी किए जाते हैं।

(मूल्य अंकित प्रकाशनों की सूची अनुलग्नक *V, में दी गई है)*

6. पुस्तकालय तथा सूचना केन्द्र

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पालिसी पुस्तकालय तथा सूचना केन्द्र आटोमेटिड प्रचालनों से युक्त लोक वित्त के क्षेत्र में अनुसंधान एवं संदर्भ का एक पुस्तकालय है। इसमें लोक वित्त, आर्थिक नीति, स्थूल एवं सूक्ष्म अर्थव्यवस्था एवं उद्योग अध्ययन, योजना एवं विकास, आर्थिक सिद्धांत एवं कार्य प्रणाली, भारतीय अर्थव्यवस्था, राजनीतिक अर्थव्यवस्था, पर्यावरणीय एवं नैसर्गिक अर्थव्यवस्था, नगरीय अर्थशास्त्र, स्वास्थ्य अर्थशास्त्र तथा संघवाद एवं विकेन्द्रीकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों की अध्ययन सामग्री उपलब्ध है।

यह पुस्तकालय तीन तलों में स्थापित है तथा यहां आवश्यक अवसंरचना सहित पर्याप्त स्थन उपलब्ध है। भूतल पर स्थित विशाल पठन क्षेत्र में पाठकों के लिए वाईफाई इंटरनेट सम्पर्कता युक्त लैपटॉप उपलब्ध करवाए गए हैं। पुस्तकालय के सभी क्रियाकलापों तथा सेवाओं के प्रचालन एन्ट्रप्राइज जावाबिन्स (ईजीबी) आधारित पुस्तकालय साफ्टवेयर पैकेज एलआईबीएसवाईएस-7.0 कम्प्यूटरीकृत किए गए हैं। इस पुस्तकालय के लिए उपयोक्ताओं के अनुरोध रिमोट एक्सेस सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है।

यह पुस्तकालय प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 9 बजे से सायं 5.30 बजे तक तथा शनिवार को प्रातः 9.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक खुला रहता ह। यहां विशेषतः आर्थिक संघवाद, लोक अर्थशास्त्र, लोक वित्त तथा नीति, करारोपण एवं लोक व्यय, लैंगिंक अध्ययन एवं अन्य लोक नीतियों से संबंधित 65133 से भी अधिक पुस्तकें एवं अन्य पेपर उपलब्ध हें। वर्ष 2018-19 के दौरान पुस्तकालय के संग्रह में 839 नए पेपर तथा 32 कार्यशील पेपर जोड़े गए थे जिनमें भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सोसायटियों, अनुसंधान संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों के प्रकाशन शामिल हैं। इस पुस्तकालय को अतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष डिपाजटरी के अंतर्गत 15 नए प्रकाशन प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, इस पुस्तकालय को 15 सीडी-रोम भी प्राप्त हुई हैं जिनमें भारत की जनसंख्या के डाटा स्रोत इत्यादि शामिल हैं। इस पुस्तकालय द्वारा निम्नलिखित राष्ट्रीय / अतर्राष्ट्रीय जनरलों, डाटा बेस जनरलों तथा अन्य आनलाइन जनरलों के लिए अंशदान दिया जाता है / प्राप्ति की जाती है।

विवरण	कुल संख्या
अंतर्राष्ट्रीय जरनल	30
राष्ट्रीय जनरल	43
पत्रिकाएं	15
आनलाइन पत्रिका– "इकॉनोमिस्ट"	01
निम्नलिखित आनलाइन डेटाबेस के अंतर्गत जनरल: 1) साइंस डायरेक्ट: इॅकोनोमैट्रिक्स एंड फाइनेंस बंडल 2) ओयूपी आनलाइन इकॉनोमिक जरनल बंडल क्लेक्शन 3) जेएसटीओर (बिजनेस क्लेक्शन I तथा II) 4) पूर्ण टैक्स्ट वर्जन के साथ इकोनलिट 5) स्टाटा जनरल 6) फ्री आनलाइन एवं अन्य	3304

इस पुस्तकालय में 15 पत्रिकाओं के अलावा निम्नलिखित समाचार पत्र भी उपलब्ध हैं:

क्र.सं.	राष्ट्रीय समाचार पत्र	प्रिंट/ आनलाइन
1.	बिजनेस लाइन	प्रिंट
2.	बिजनेस स्टैंडर्ड बिजनेस स्टैंडर्ड+ वॉल स्ट्रीट जरनल	प्रिंट आनलाइन
3.	इकॉनोमिक टाइम्स	प्रिंट
4.	एम्प्लायमेंट न्यूज	प्रिंट
5.	फाइनेंशियल एक्सप्रेस	प्रिंट
6.	इंडियन एक्सप्रेस	प्रिंट
7.	मिन्ट	प्रिंट
8.	नवभारत टाइम्स (हिन्दी)	प्रिंट
9.	टेलीग्राफ (कोलकाता अंक)	प्रिंट
10.	द हिन्दु	आनलाइन
11.	द हिन्दुस्तान टाइम्स	प्रिंट
12.	द स्टेट्समैन	प्रिंट
13.	टाइम्स ऑफ इंडिया	प्रिंट
1.	फाइनेंशियल टाइम्स	आनलाइन

इस पुस्तकालय में प्राप्त होने वाले सभी पेपर एवं लेख नियमित तौर पर डेटाबेस में शामिल किए जाते हैं तथा इन्हें नीचे उल्लिखित प्रकाशन बुलेटिनों के माध्यम से जारी किया जाता है:-

- *करंट अवेयरनैस सर्विस (पुस्तकों का नया संवर्धन)*
- *आर्टिकल अलर्ट सर्विस (समाचार पत्रों की क्लीपिंग्स में नया संवर्धन)*

- *करंट कंटेंट्स सर्विस (पुस्तकालय में प्राप्त होने वाली आवधिक पत्रिकाओं के कांटेट पृष्ठों का मासिक बुलेटिन)*
- *बजट पूर्व एवं बजट के पश्चात के विशेष बुलेटिन*

